भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4846

01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पीएम वृक्ष आयुष योजना

4846. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम वृक्ष आयुष योजना का ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या मंत्रालय में इस योजना के लिए 2050 करोड़ रुपए के आवंटन का अनुरोध किया था लेकिन वित्त मंत्रालय ने 25 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कम आवंटन के क्या कारण हैं; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत 25 करोड़ रुपए के साथ मंत्रालय द्वारा कौन से काम शुरू किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार ने आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत मई, 2020 में जड़ी-बूटी खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष वित्तीय सहायता के रूप में 4000 करोड़ रुपये की घोषणा की थी। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय ने किसानों और आयुष उद्योग को सम्मिलित करके औषधीय पादपों की खेती को बढ़ावा देने, फसलोपरांत प्रबंधन और विपणन सहयोग के उद्देश्य से "प्रधान मंत्री वृक्ष-आयुष योजना" नामक प्रारूप योजना तैयार की है।

"प्रधान मंत्री वृक्ष-आयुष योजना" के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. किसानों और स्थानीय समुदायों की निम्नलिखित के माध्यम से आय बढ़ाना:

   i. उच्च मूल्य और अधिक मात्रा वाले औषधीय पादपों की खेती;
   ii. गुणवत्ता नियंत्रण और मूल्यवर्धन के लिए फसलोपरांत प्रबंधन;
   iii. किसानों, संग्राहकों और उत्पादकों के बीच आसान बाजार लिंकेज।

2. आयुष औषध उद्योग को गुणवत्तायुक्त कच्ची सामग्री की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करना।

(ख) और (ग): "प्रधानमंत्री वृक्ष आयुष योजना" के तहत वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए 2056.00 करोड़ रुपये की अनुमानित मांग की तुलना में योजना के लिए बजट अनुमान (बीई) आवंटन के समय 25.00 करोड़ रुपये की टोकन राशि आवंटित की थी क्योंकि योजना विचाराधीन थी।

(घ): उपरोक्त योजना के अंतर्गत, मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित कार्य के लिए 25.00 करोड़ रुपये का बजट औषधीय पादपों की खेती, फसलोपरांत प्रबंधन इकाईयों की स्थापना और बाजार लिंकेज सहायता के लिए था।

*****